# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2021 - 2022

## Second Language - HINDI

Class : X | (Max. Marks : 100) | Time: 3.15 mnts

सूचनाएँ :- 1) प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है।

2) सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

3) प्रश्न - पत्र में छह भाग हैं।

---

### भाग - I

**1. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।** 12 x 1 = 12

1. वस्तु अमोलक दी म्हारे सतगुरू। ( रेखांकित शब्द का तत्सम रूप पहचानिए।)

| अमूल्य | अमालक | अमूल्यक |
|---|---|---|

2. माँ झटपट खाना बनाती है। ( क्रिया विशेषण शब्द चुनकर लिखिए।)
3. 1977 - हिंदी अक्षरों में लिखिए।
4. हम खुशियों ...... दीप जलायेंगे। (सही कारक चिह्न पहचानिए।)

| से | ने | के |
|---|---|---|

5. पेड़-पौधे लगाना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है।
   (वाक्य के आधार पर समास पहचानिए।)
   i) पेड़-पौधे - द्वंद्व समास ii) प्रत्येक - तत्पुरूप समास
6. पर्यावरण में प्रदूषण को रोकना चाहिए।
   ( रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए)
7. जो गाता है । ( एक शब्द में लिखिए।)
8. चिमटे का दाम सुनकर हामिद का दिल बैठ गया।
   ( रेखांकित मुहावरे का अर्थ पहचानिए ।)

| निराश होना | प्रसन्न होना | क्रोधित होना |
|---|---|---|

9. वन में मोर नाचता है। (लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए)
10. यह अंतर्राष्ट्रीय संस्था है। (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए)
11. यह तो कोई यान था। ( वर्तमान काल में बदलकर लिखिए)
12. वह उसका काम करता है। (वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए)

[ Turn Over

## भाग - II

II. प्रश्न संख्या 13 से 16 तक दिये गये गद्यांश और पद्यांश पढ़कर निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए।

13. **निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर अनुच्छेद में पहचानकर लिखिए।** **5x1=5**

लड़के सबसे ज़्यादा प्रसन्न हैं। बार-बार जेब से खज़ाना निकालकर गिनते हैं। मोहसिन के पास पंद्रह पैसे हैं। इनसे अनगिनत चीज़ें लाएँगे। हामिद एक ग़रीब लड़का है। उस के मुँह पर प्रसन्नता झलक रही है। वे सब ईद के दिन ईदगाह जा रहे हैं।

अ) 'पर्व' शब्द का पर्यायवाची शब्द पहचानकर लिखिए।

आ) 'अप्रसन्न' शब्द का विलोम शब्द पहचानकर लिखिए।

इ) 'अन' उपसर्ग से युक्त शब्द पहचानकर लिखिए।

ई) 'ता' प्रत्यय से युक्त शब्द पहचानकर लिखिए।

उ) हामिद एक गरीब लड़का है। (इस वाक्य में विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए।)

14. **निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए।** **5x1=5**

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे।<br>
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे।।<br>
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे।<br>
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे।।

**प्रश्न :-**

अ) हमें दिल में क्या बसाना चाहिए? [ ]
A) न्यारा B) सार C) भार D) प्यार

आ) हमें किस कुहासे को तोड़ना चाहिए? [ ]
A) शोहरत B) विश्वास C) नफ़रत D) प्यार

इ) निराशा को दूर भगाकर किसे जगाना चाहिए? [ ]
A) विश्वास B) अविश्वास C) कुखास D) आखास

ई) भारत वासी दुनिया को क्या बनाना चाहते हैं? [ ]
A) चार धाम B) पावन धाम
C) आराम धाम D) विश्राम धाम

उ) यह पद्यांश किस कविता से लिया गया है? [ ]
A) बरसते बादल B) हम भारतवासी
C) कण-कण का अधिकारी D) भक्तिपद

15. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** 5 x 1 = 5

हिंदी एक ऐसी भाषा है जो भारतीयों की साँसों में बसी है। यह सबकी संस्कृति, सभ्यता व गरिमा का प्रतीक है। गाँधीजी ने अपना जीवन देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ हिंदी की सेवा में समर्पित कर दिया था।

**प्रश्न :-**

अ) भारतीयों की साँसों में बसी भाषा क्या है?

आ) हिंदी भाषा किसका प्रतीक है?

इ) गाँधीजी ने अपना जीवन किसकी सेवा में समर्पित कर दिया था?

ई) 'जीवन' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

उ) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है?

16. **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर लिखिए।** 5 x 1 = 5

वैज्ञानिक, भूवैज्ञानिक थे । वे अपने दोस्तों के साथ बगीचे में बैठे पानी की इस समस्या पर चर्चा कर रहे थे। कुछ देर बाद शाम ढल गयी और सभी लोग अपने-अपने घर चले गये। प्रो.दीपेश वहीं लॉन पर बैठे आकाश की ओर देखकर कुछ सोच रहे थे कि अचानक उनकी नज़र एक तारे पर पड़ी जो नाचता हुआ पृथ्वी की ओर आ रहा था।

**प्रश्न :-**

अ) वैज्ञानिक कहाँ बैठे थे? [ ]

A) प्रयोगशाला B) घर C) बगीचे D) नौका

आ) सभी लोग कहाँ चले गये थे? [ ]

A) अपने-अपने घर B) अपने-अपने शहर

C) अपने-अपने कमरे में D) अपने-अपने दफ़्तर

इ) लॉन पर बैठकर कौन सोच रहे थे? [ ]

A) प्रो. दीपेश B) प्रो.विकास C) प्रो.समीर D) प्रो. विवेक

ई) नाचते हुए पृथ्वी की तरफ़ क्या आ रहा था? [ ]

A) परी B) तारा C) ग्रह D) उल्क

उ) यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है? [ ]

A) ईदगाह B) लोकगीत C) बरसते बादल D) जल ही जीवन है

## भाग - III

III. **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार पंक्तियों में लिखिए।** 2 x 4 = 8

17. आर.पी. निशंक के बारे में आप क्या जानते हैं?
18. हिंदी के जाने-माने लेखक श्री प्रकाश के बारे में आप क्या जानते हैं?

## भाग - IV

IV. **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए।** 8 x 3 = 24

19. रैदास की भक्ति भावना कैसी है?
20. भारतीय दुनिया को पावन धाम बनाने के लिए क्या-क्या कर सकते हैं?
21. मेले में हामिद ने क्या खरीदा और क्यों?
22. हिंदी सीखने से क्या लाभ हैं?
23. जलचोर कहाँ से आये थे? क्यों?
24. नेल्सन मंडेला के जीवन से हमें क्या संदेश मिलता है?
25. राजू के प्रति नये स्कूल के साथियों का व्यवहार कैसा था?
26. शांति की परिभाषा क्या हो सकती है? अपने शब्दों में बताइए।

## भाग - V

V. **निम्न लिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**
1 x 10 = 10

**27. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ या दस पंक्तियों में लिखिए।**

अ) प्रकृति चित्रण के बेजोड़ कवि श्री सुमित्रानंदन पंत जी द्वारा कृत 'बरसते बादल' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

आ) विश्वबंधुत्व का मूल मंत्र भारतीय दुनिया में किस तरह फैलायेंगे? हम भारतवासी पाठ के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।

**28. किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ या दस पंक्तियों में लिखिए।** 1 x 10 = 10

अ) "ईदगाह" कहानी के माध्यम से हामिद के स्वभाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

आ) राष्ट्रभाषा हिंदी से देश को एकता के सूत्र में बाँध सकते हैं। कैसे?

## भाग - VI

VI. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए।**

**29. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** 1 x 8 = 8

अ) विहार यात्रा जाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए।

आ) किसी यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।

**30. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।** 1 x 8 = 8

अ) 'पर्यावरण की रक्षा हम सब की रक्षा है'। इस विषय पर निबंध लिखिए।

आ) 'स्वच्छभारत अभियान' के बारे में छोटा-सा निबंध लिखिए ।